First term evaluation-2014

Score : 40

Standard : X **Hindi** Time : 1.30Hr.

1. तालिका की पूर्ती कीजिए। [2 score]

प्रोक्ती	रचना	रचयिता
कविता	नदी और साबुन	.....
.....	गौरा	महादेवी वर्मा
कहानी	.....	स्वयं प्रकाश
कहानी	हाथी के साथी	.....

2. क्रमबद्ध करके लिखिए। [2 score]

- लालूराम ने बाबूलाल की नाक का ऑपरेशन किया।
- बलिष्ठ व्यक्ति ने नाक पर घूँसा मारा।
- "ठीक" करके अंदर–बाहर से सी दिया और मरहम पट्टी कर दी गई ।
- बाबूलाल तेली लालूराम के अस्पताल पहुँचे।

3. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिंदी शब्द रखकर पुनर्लेखन करें ।[3 score]

(अंतर्देशीय पत्र कार्ड, डाक घर, रुकावट,डाक टिकट)

अमल आवेदन पत्र भेजने केलिए post office गया। वहाँ से उसने दस inland letter card और दस stamp भी खरीदे।

4. लालूराम तेली की दो चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखिए। [3 score]

- आर्थिक लालच केलिए काम करनेवाला
- सेवा भाववाला
- रोगियों को तकलीफ देनेवाला

सूचना –किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [2 X 2 = 4]

5. यदि दीर्घ निश्वास का शब्दों में अनुवाद हो सके तो उसकी प्रतिध्वनि कहेगी,ओह! मेरा गोपालक देश–यहाँ महादेवीजी का व्यंग्य किस ओर है ?

6. सारी दुनिया ही एक डॉक्टर का परिवार है। ऐसा क्यों बताया है?

7. हिमालय के होते हुए भी नदी युद्ध हार गई -- यहाँ कवि क्या इशारा करना चाहते हैं?

सूचना -8 से 10 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो उत्तर लिखिए। [2 X 4 = 8]

8. बलिष्ठ व्यक्ति से घूँसा मिलने की घटना का जिक्र बाबूलाल तेली अपनी डायरी में लिखता है। वह डायरी तैयार करें।

9 गौरा की मृत्यु के बाद एक दिन महादेवी वर्मा की मुलाकात ग्वाला से होती है। उन दोनों के बीच हुए संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

10. हाथी के साथियों ने भाईचारे की जो प्रवृत्ति दिखाई उसका जिक्र करते हुए मित्र के नाम पत्र तैयार करें।

सूचना -संशोधन करके लिखिए। [2 score]

11. संजीव की बेटा राहुल मेरे बेटी के साथ पढ़ता है। संजीव मुझे दोस्त है। हमके घर एक ही कॉलनी में है।

सूचना -उचित विशेषण शब्द चुनकर गद्यांश का पुनर्लेखन करें। [2 score]

(शीतल,देर से, जल्दी-जल्दी, पुराने)

12. उस दिन रामु दफ्तर से ----------निकाला। वह-------घर जाने लगा। इसी बीच रास्ते में उनके----------मित्र से मिला। सडक के किनारे------छाया में बैठकर वे बातें करने लगे।

सूचना -उचित योजकों का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें। [2 score]

(इसलिए, कि, और, लेकिन)

13. कल गणित का अध्यापक नहीं आया था। हमें जल्दी छुट्टी मिली।
मैं ने काफी देर तक इसकी प्रतीक्षा की। वह नहीं आया।

14. मान लें आपके स्कूल में "प्रकृति हमारी माँ और पशु-पक्षी हमारे सहचर" विषय पर एक संगोष्ठी होनेवाली है।इसकी सूचना देने केलिए एक पोस्टर तैयार कीजिए।

सूचना -निम्नांकित कविता पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फूलों को मत तोड़ो,
छिन्न जाएगी मेरी ममता
हरियाली को मत हरो,
हो जाएँगे मेरे चेहरे स्याह
मेरी बाँहों को मत काटो

बन जाऊँगा मैं अपंग
मत छाँटो मेरे सपने
मेरी खुशियाँ लुट जाएगी।
(स्याह–काला; अपंग–विकलांग)

15. कवितांश में पेड़ किससे शिकायत कर रहा है? [1 score]
(प्रकृति से, मनुष्य से, सरकार से)

16. कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें। [1 score]

17. कवितांश का भाव लिखें। [3 score]

सूचना –खंड पढ़ें और निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखें

प्रत्येक सच्चा कलाकार अपने युग का प्रतिनिधि होता है।वह अपनी कला के माध्यम से समाज का यथार्थ रूप व्यक्त करता है। समाज ही उसकी सच्ची साधना स्थली होता है। यह भी सत्य है कि समाज से उसे प्रेरणा मिलती है।साहित्यकार समाज का असाधारण प्राणी है क्योंकि वह सामाजिक गतिविधियों को अनुभव करता हुआ उन्हें अभिव्यक्त भी करता है।

18. साहित्यकार की सच्ची साधनास्थली क्या है? [1 score]
(समाज,कविता, कला, प्रेरणा)

19. खंड में कलाकार शब्द----------क्या है? [1 score]
(क्रिया, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण)

20. उन्हें–में प्रयुक्त सर्वनाम है---------। [1 score]
(वह,यह,ये,वे)

21 साहित्यकार एक असाधारण प्राणी है। क्यों? [2 score]